डाक-व्यय की पूर्व अदायगी के बिना डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत. अनुमति-पत्र क्र. रायपुर-सी. जी.

पंजी क्रमांक छत्तीसगढ़/दुर्ग/सी. ओ. रायपुर/17/2001.

सत्यमेव जयते

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 4]   रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 25 जनवरी 2002—माघ 5, शक 1923

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 10 दिसम्बर 2001

क्रमांक 920/390/2001/1/5.—राज्य शासन इस विभाग के आदेश क्रमांक 390/2001/1/5/374, दिनांक 21 सितम्बर, 2001 द्वारा गठित आर्थिक सलाहकार परिषद् में डॉ. मुकुन्द दास (अर्थ शास्त्री) प्रोफेसर (मैनेजमेन्ट) इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट कालीकट (काजी कोड) केरल को मानसेवी सलाहकार (ग्रामीण विपणन) के रूप में सदस्य मनोनीत करता है.

Raipur, the 10th December 2001

No. 920/2001/1-5.—The Government of Chhattisgarh hereby nominate Dr. Mukund Das, (Economist) Professor of Indian Institute of Management Kalikut (Kozikod) Kerala as honorary adviser (Rural Marketing) in Chhattisgarh Economic Advisory Council, Constituted vide order of the Government of Chhattisgarh No. 390/2001/1-5/374, dated 21-9-2001.

नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2002.

रायपुर, दिनांक 13 दिसम्बर 2001

क्रमांक 1716/3667/सा.प्र.वि./2001/2/एक.—श्री पंकज द्विवेदी, आय.ए.एस. (ए.पी. 1975) जिनकी सेवायें भारत सरकार की अधिसूचना क्रमांक 13011/32/2000-ए.आई.एस. (1), दिनांक 1-11-2001 के द्वारा छत्तीसगढ़ शासन को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष के लिए अंत:संवर्गीय प्रतिनियुक्ति पर सौंपी गयी है, को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पद पर पदस्थ किया जाता है.

रायपुर, दिनांक 7 जनवरी 2002

क्रमांक 42/2392/2001/1/2.—श्री आई. सी. पी. केसरी, भा.प्र.से. (म. प्र. 1988) जो भारत सरकार की अधिसूचना क्रमांक 13017/7/2001, दिनांक 15-11-2001 के अनुसार दिनांक 1-11-2000 से छत्तीसगढ़ शासन में दो वर्ष के लिए अंत:संवर्गीय प्रतिनियुक्ति पर हैं, को प्रवर श्रेणी वेतनमान रुपये 15100-400-18300 दिनांक 1-1-2001 से स्वीकृत किया जाता है. श्री केसरी कलेक्टर, दुर्ग के पद पर स्थानापन्न रूप से आगामी आदेश तक पदस्थ रहेंगे.

यदि श्री केसरी के म. प्र. लौटने तक उन्हें म. प्र. में प्रवर श्रेणी वेतनमान प्राप्त नहीं हो जाता है, तो म. प्र. लौटने पर वे प्रवर श्रेणी के हकदार नहीं होंगे.

रायपुर, दिनांक 9 जनवरी 2002

क्रमांक एफ. 2-2/2001/1-8.—निम्नलिखित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से, उनके नाम के सम्मुख दर्शाये गये विभाग में पदस्थ किया जाता है :—

1.	श्री एम. ए. अंसारी, पदेन अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, कृषि, पशुपालन, मछली पालन एवं सहकारिता विभाग.	पदेन अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त, योजना, आर्थिक, सांख्यिकी एवं वाणिज्यिक कर विभाग.
2.	श्री एन. एन. सिंह पदेन विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग.	पदेन विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी, कृषि, पशुपालन, मछली पालन एवं सहकारिता विभाग.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
इंदिरा मिश्रा, प्रमुख सचिव.

रायपुर, दिनांक 14 दिसंबर 2001

क्रमांक 1723/3370/सा.प्र.वि./2001/2.—श्री नारायण सिंह, भा. प्र. से. आयुक्त बिलासपुर संभाग, बिलासपुर को दिनांक 19-12-2001 से 5-1-2002 (18 दिन) तक का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 15 से 18 दिसम्बर 2001 एवं अन्त में 6 जनवरी 2002 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

2. श्री नारायण सिंह की छुट्टी अवधि में श्री आर. पी. मण्डल कलेक्टर, बिलासपुर को अपने वर्तमान कर्त्तव्य के साथ-साथ अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर का कार्यभार सौंपा जाता है.

3. अवकाश से लौटने पर श्री नारायण सिंह को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

4. श्री नारायण सिंह द्वारा आयुक्त बिलासपुर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री आर. पी. मण्डल, आयुक्त बिलासपुर के कार्यभार से मुक्त होंगे.

5. अवकाश काल में श्री नारायण सिंह को अवकाश एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

6. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री नारायण सिंह, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्यरत रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विभा चौधरी, अवर सचिव.

रायपुर, दिनांक 2 जनवरी 2002

क्रमांक 5/3375/सा.प्र.वि./2001/2/स्था.—श्री बी. के. एस. रे, कृषि उत्पादन आयुक्त एवं प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, कृषि सहकारिता विभाग को दिनांक 20-11-2001 से 1-12-2001 तक 12 दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है, साथ ही सार्वजनिक अवकाश दिनांक 2-12-2001 को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री बी. के. एस. रे को आगामी आदेश तक कृषि उत्पादन आयुक्त एवं प्रमुख सचिव, कृषि सहकारिता के पद पर पुन: छत्तीसगढ़ शासन में पदस्थ किया जाता है.

3. अवकाश काल में श्री बी. के. एस. रे को अवकाश वेतन व भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री बी. के. एस. रे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

5. श्री बी. के. एस. रे के अवकाश की अवधि में उसका कार्य श्री एस. मिंज, सचिव, अनुसूचित जाति, जनजाति अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सम्पादित करेंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. सी. सूर्य, उप-सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 8 जनवरी 2002

क्रमांक 10/स/आ. प./2002.—चूंकि राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि लोक हित में यह समीचीन है कि प्रदेश की राजधानी क्षेत्र को एक विशेष क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाये.

अतएव छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्र. 23 सन् 1973) की धारा 64 की उपधारा (1) तथा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये राज्य सरकार एतद्द्वारा उक्त राजधानी क्षेत्र को एक विशेष क्षेत्र के रूप में अभिहित करती है, जो "राजधानी क्षेत्र" के नाम से जाना जायेगा और उसकी सीमाएं रायपुर जिले के ग्रामों से, नीचे दी गई अनुसूची अनुसार निर्धारित होंगी.

अनुसूची

राजधानी क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में— तहसील रायपुर के ग्राम कचना (प.ह.नं. 110), पिरदा (प.ह.नं. 111), तुलसी (प.ह.नं. 111), तहसील आरंग के ग्राम कुरूद (प.ह.नं. 74), दरबा (प.ह.नं. 75), बकतरा (प.ह.नं. 75), खुटेरी (प.ह.नं. 75), जरौद (प.ह.नं. 67) एवं रीवा (प.ह.नं. 67) की उत्तरी सीमा तक.

पश्चिम में— तहसील रायपुर के ग्राम कचना (प.ह.नं. 110), पिरदा (प.ह.नं. 111), सेरीखेड़ी (प.ह.नं. 112), धरमपुरा (प.ह.नं. 115), टेमरी (प.ह.नं. 115), बोरियाकला (प.ह.नं. 117), धनेली (प.ह.नं. 117), भटगांव (प.ह.नं. 116), तहसील अभनपुर के ग्राम निमोरा (प.ह.नं. 136), बेन्द्री (प.ह.नं.135), सिंगारभाठा (प.ह.नं. 138) एवं बकतरा (प.ह.नं. 134), की पश्चिमी सीमा तक.

दक्षिण में— तहसील अभनपुर के ग्राम बकतरा (प.ह.नं. 134), झांकी (प.ह.नं. 139), मुड़पार उर्फ भेलवाडीह (प.ह.नं. 139), पचेड़ा (प.ह.नं. 140), कुर्रु (प.ह.नं. 141), चेरिया (प.ह.नं. 141 एवं नवागांव (प.ह.नं. 142) की दक्षिणी सीमा तक.

पूर्व में— तहसील आरंग के ग्राम रीवा (प.ह.नं. 67), गुजरा (प.ह.नं. 68), धमनी (प.ह.नं. 69), गनौद (प.ह.नं. 143), तहसील अभनपुर के ग्राम खरखराडीह (प.ह.नं. 142) एवं नवागांव (प.ह.नं. 142) की पूर्वी सीमा तक.

Raipur, the 8th January 2002

No. 10/H.E.D./2002.—Whereas the State Government is satisfied that it is expedient in the public interest that the State Capital Area, should be developed as a special area.

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by Sub-section (1) and (2) of Section 64 of the Chhattisgarh Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam, 1973 (No. 23 of 1973), the State Government, hereby designates the said Capital Area, as a special area which shall be known by the name of "Capital Area" and the limits of the villages in Raipur district, shall be as defined in the schedule below.

SCHEDULE

Limits of Capital Area

North :— Village Kachna (P. H. No. 110), Pirda (P. H. No. 111), Tulsi (P.H. No. 111) of Raipur Tehsil, Village Kurud (P. H. No. 74) Darba (P. H. No. 75), Baktara (P. H. No. 75), Kuteri (P. H. No. 75),

Jarod (P. H. No. 67), & Northern limit of Village Reewa (P. H. No. 67) of Arang Tehsil.

West :— Village Kachna (P. H. No. 110), Pirda (P. H. No. 111), Seri Khedi (P. H. No. 112), Dharmapura (P. H. No. 115), Temri (P. H. No. 115), Boriakalan (P. H. No. 117), Dhaneli (P. H. No. 117), Bhatgaon (P. H. No. 116) of Raipur Tehsil, Village Nimora (P. H. No. 136), Bendri (P. H. No. 135), Singarbhata (P. H. No. 138) & Western limit of Village Baktara (P. H. No. 134) of Abhanpur Tehsil.

South :— Village Baktara (P. H. No. 134), Jhanki (P. H. No. 139), Mudpar/Bhelwadih (P. H. No. 139), Pacheda (P. H. No. 140), Kurru (P. H. No. 141), Cheria (P. H. No. 141) & Sothern limit of Village Nawagaon (P. H. No. 142) of Abhanpur Tehsil.

East :— Village Reewa (P. H. No. 67), Gujra (P. H. No. 68), Dhamni (P. H. No. 69), Ganod (P. H. No. 143), of Arang Tehsil, Village Kharkharadih (P. H. No. 142) & Eastern limit of Village Nawagaon (P. H. No. 142) of Abhanpur Tehsil.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विवेक ढांड, सचिव.

वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 29 नवम्बर 2001

क्रमांक एफ 6/106/2001/वा.क./पांच.—राज्य शासन, एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड का गठन निम्नानुसार करता है :—

1.	मंत्री वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग.	अध्यक्ष
2.	अपर मुख्य सचिव, (वित्त)	सदस्य
3.	सचिव, अ.जाति/अनु.ज.जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग.	सदस्य
4.	सचिव वाणिज्यक कर	सदस्य
5.	सचिव, वाणिज्यिक कर (पंजीयन एवं आबकारी) व पदेन आबकारी आयुक्त.	प्रबंध संचालक

रायपुर, दिनांक 13 दिसम्बर 2001

क्रमांक एफ/6-98/2001/वा. कर (आब.)/पांच.—राज्य शासन द्वारा निम्नलिखित जिला आबकारी अधिकारियों को तदर्थ रूप से सहायक आयुक्त, आबकारी के पद पर वेतनमान रुपये 10,000-325-15,200 में पदोन्नत किया जाकर, उन्हें कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से, अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक उनके नाम के सामने कॉलम 4 में दर्शाये अनुसार पदस्थ किया जाता है.

क्रमांक (1)	अधिकारी का नाम एवं पदनाम (2)	वर्तमान पदस्थापना (3)	तदर्थ पदोन्नति उपरांत पदस्थापना (4)
1.	श्री एम. आर. ठाकुर, जिला आबकारी अधिकारी.	जिला आबकारी अधिकारी, कार्यालय सहायक आयुक्त, आबकारी बिलासपुर.	सहायक आयुक्त, आबकारी बिलासपुर (श्री जे. आर. कश्यप, सहायक आयुक्त की पदोन्नति से रिक्त पद पर).
2.	श्री राय सिंह ठाकुर, जिला आबकारी अधिकारी.	कांकेर	सहायक आयुक्त, आबकारी राजनांदगांव (रिक्त पद पर)
3.	श्री राकेश मंडावी, जिला आबकारी अधिकारी.	राजनांदगांव (वर्तमान में मुख्यालय रायपुर में सम्बद्ध)	सहायक आयुक्त, आबकारी, जांजगीर-चांपा (रिक्त पद पर)
4.	श्री सोहन लाल पवार, जिला आबकारी अधिकारी.	सरगुजा	सहायक आयुक्त, आबकारी रायपुर (श्री पी. एल. वर्मा, सहायक आयुक्त की पदोन्नति से रिक्त पद पर).

2. उक्त तदर्थ पदोन्नतियां नियमानुसार गठित विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के आधार पर की गई है एवं तदर्थ पदोन्नति के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की सहमति प्राप्त की गई है.

3. तदर्थ पदोन्नति की अवधि में वित्त विभाग के निर्देशों के तहत नियमानुसार वेतनवृद्धियों की पात्रता होगी, किन्तु जब तक नियुक्ति नियमित नही हो जाती, तब तक संबंधित अधिकारी को तदर्थ रूप से पदोन्नति के पद पर किसी प्रकार की वरिष्ठता का लाभ प्राप्त नहीं होगा.

4. उक्त तदर्थ पदोन्नतियां मध्यप्रदेश राज्य प्रशासनिक अभिकरण के निर्णय दिनांक 17-7-2001 के विरुद्ध उच्च न्यायालय में लंबित अपील पर निर्णय के अध्यधीन रहेगी.

5. तदर्थ पदोन्नतियों में आरक्षण नियमों का पालन किया गया है.

6. संबंधित अधिकारी आदेश प्राप्ति के पश्चात् अविलंब कार्यभार सौंपकर, बिना किसी प्रकार के अवकाश का लाभ लिये, अपना पदभार तत्काल ग्रहण करें एवं उसकी सूचना इस विभाग को भी दी जाय.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. आर. मिश्रा, उप-सचिव.

गृह (सामान्य) विभाग
(विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ)
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

विभागीय परीक्षा माह जनवरी, 2002 का सूचना तथा कार्यक्रम

रायपुर, दिनांक 13 दिसम्बर 2001

क्रमांक एफ 9-1/गृह/2001.—छत्तीसगढ़ के उन अधिकारियों को (जिनके लिए उनके विभागों द्वारा विभागीय परीक्षा निर्धारित की गई हो) विभागीय परीक्षा सोमवार, दिनांक 28 जनवरी, 2002 से रायपुर, बिलासपुर तथा बस्तर के आयुक्तों द्वारा नियत किए जाने वाले स्थानों में निम्नांकित कार्यक्रमों के अनुसार होगी :—

सोमवार, दिनांक 28 जनवरी, 2002

क्रमांक (1)	प्रश्नपत्र (2)	समय (3)
1.	पहला प्रश्नपत्र-दाण्डिक विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) भू-अभिलेख एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिए.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक
2.	पंजीयन विधि तथा प्रक्रिया पंजीयन विभाग के अधिकारियों के लिये (केवल अधिनियम तथा नियम पुस्तकों सहित)	
3.	विधि तथा प्रक्रिया-उत्पाद शुल्क विभाग के अधिकारियों के लिए (पुस्तकों सहित).	
4.	विधि तथा प्रक्रिया-विक्रयकर विभाग के अधिकारियों के लिए (केवल नियमों की पुस्तकों सहित)	
5.	पहला प्रश्न पत्र-सहकारिता (बिना पुस्तकों के) सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिए.	
59.	विद्युत संबंधी विधियां-ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के लिए	
6.	दूसरा प्रश्नपत्र-दाण्डिक विधि तथा प्रक्रिया दाण्डिक मामलों में आदेश/निर्णय का लिखा जाना भू-अभिलेख एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिए.	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक
7.	दूसरा प्रश्नपत्र-सहकारिता तथा सामान्य विधि (पुस्तकों सहित) सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिए.	
8.	समाज कल्याण (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिए.	
60.	भू-योजना तथा विद्युत सुरक्षा-ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री एवं पर्यवेक्षकों के लिए.	

मंगलवार, दिनांक 29 जनवरी, 2002

(1)	(2)	(3)
9.	पहला प्रश्नपत्र-प्रशासनिक राजस्व विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) भाग-ए आदिमजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिए.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक
10.	पहला प्रश्नपत्र-प्रशासनिक राजस्व विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) राजस्व भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिए भाग-बी.	
11.	पहला प्रश्नपत्र-प्रशासनिक राजस्व विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) राजस्व, भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिए भाग-सी.	
12.	उद्योग विभाग संबंधी अधिनियम तथा नियम उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिए.	
13.	प्रश्नपत्र-खनिज प्रबंध (पुस्तकों सहित) नैसर्गिक संसाधन विभाग के अधिकारियों के लिए.	
14.	लेखा तथा कार्यालयीन प्रक्रिया-प्रथम प्रश्नपत्र पंजीयन विभाग के अधिकारियों के लिए (बिना पुस्तकों के)	
61.	विद्युत संस्थापनाएं-ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री एवं पर्यवेक्षकों के लिए (बिना पुस्तकों के).	
15.	दूसरा प्रश्नपत्र-प्रशासनिक राजस्व विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) राजस्व भू-अभिलेख, आदिमजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिए.	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक
16.	प्रक्रिया विकास योजनाओं, राज्यों के साधनों राज्य के नियम पुस्तिकाओं आदि का ज्ञान उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिए (पुस्तकों सहित).	
17.	तीसरा प्रश्नपत्र-बैंकिंग (बिना पुस्तकों के) सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिए.	
18.	समाज शिक्षा (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिए.	
19.	लेखा तथा कार्यालयीन प्रक्रिया-द्वितीय प्रश्नपत्र पंजीयन विभाग के अधिकारियों के लिए (पुस्तकों सहित).	
62.	लेखा व स्थापना ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री एवं पर्यवेक्षकों के लिए.	

बुधवार, दिनांक 30 जनवरी, 2002

(1)	(2)	(3)
20.	तीसरा प्रश्नपत्र-प्रशासनिक, राजस्व विधि तथा प्रक्रिया राजस्व के मामले में आदेश का लिखा जाना राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिए.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक
21.	पुस्तपालन तथा कर निर्धारण-विक्रयकर विभाग, विभाग के अधिकारियों के लिए (पुस्तकों सहित).	
22.	प्रश्नपत्र-प्रथम वन विधि (बिना पुस्तकों के) सहायक वन संरक्षकों के लिए.	
23.	पहला प्रश्नपत्र-प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) वन क्षेत्रपालों के लिए.	
24.	पुलिस अधिकारियों की "व्यवहारिक परीक्षा"	
63.	स्विच गेयर तथा संरक्षण, ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्रियों के लिए (बिना पुस्तकों के)	
25.	कार्यालयीन संगठन तथा प्रक्रिया-विक्रयकर विभाग के अधिकारियों के लिए.	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक
26.	सिविल विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिए.	
27.	पुलिस अधिकारियों की "पुलिस शाखा" प्रश्नपत्र (बिना पुस्तकों के).	
28.	दूसरा प्रश्नपत्र-सामान्य विधि (पुस्तकों सहित) सहायक वन संरक्षकों के लिए.	
29.	तीसरा प्रश्नपत्र-सामान्य विधि (पुस्तकों सहित) वन क्षेत्रपालों के लिए.	
30.	स्थानीय शासन अधिनियम तथा नियम (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिए.	
31.	चौथा प्रश्नपत्र-सहकारी लेखा तथा लेखा परीक्षण (बिना पुस्तकों के) भाग-1 लेखा, भाग-2 सहकारिता लेखा परीक्षण, सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिए.	
32.	समाजशास्त्र (पुस्तकों सहित) आदिमजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिए.	
64.	विद्युत रोधन समन्वय तथा परिसंकट ग्रस्त क्षेत्र इंसूलेशन को-आर्डिनेशन व हजार्ड एस. एरिया ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री (वि./सु) के लिए.	

गुरुवार, दिनांक 31 जनवरी, 2002

(1)	(2)	(3)
33.	प्रथम प्रश्नपत्र-लेखा (बिना पुस्तकों के) सहायक कलेक्टरों, डिप्टी कलेक्टरों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों तथा राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिए.	दोपहर 10.00 बजे से शाम 1.00 बजे तक
34.	प्रश्नपत्र-लेखा (बिना पुस्तकों के) आदिमजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिए.	
35.	प्रथम प्रश्नपत्र-लेखा (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिए.	
36.	प्रश्नपत्र-न्यायिक शाखा (बिना पुस्तकों के) पुलिस विभाग के अधिकारियों के लिए.	
37.	लेखा (पुस्तकों सहित) उत्पाद शुल्क विभाग के अधिकारियों के लिए.	
38.	लेखा (पुस्तकों सहित) आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों के लिए.	
39.	लेखा (पुस्तकों सहित) उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिए.	
40.	लेखा (पुस्तकों सहित) नैसर्गिक संसाधन विभाग के अधिकारियों के लिए.	
41.	लेखा (पुस्तकों सहित) जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के लिए.	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक
42.	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा (पुस्तकों सहित) डिप्टी कलेक्टरों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों तथा न्यायिक एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिए.	
43.	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा (पुस्तकों सहित) आदिमजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिए.	
44.	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा (पुस्तकों सहित) पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिए.	

शुक्रवार, दिनांक 1 फरवरी, 2002

(1)	(2)	(3)
45.	सिविल पशु चिकित्सा सेवा विभाग के अधिकारियों के लिए प्रश्नपत्र-भाग-1 (बिना पुस्तकों के) पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के लिए.	प्रातः 10.00 बजे से 11.00 बजे तक
46.	प्रथम प्रश्नपत्र-लेखा भाग-1 मत्स्यपालन विभाग के अधिकारियों के लिए (बिना पुस्तकों के).	
47.	प्रथम प्रश्नपत्र-लेखा (पुस्तकों सहित) कृषि सेवा कार्यपालन प्रथम श्रेणी अधिकारियों के लिए.	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक
48.	प्रथम प्रश्नपत्र-विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) डेयरी विकास विभाग के अधिकारियों के लिए.	
49.	प्रश्नपत्र-द्वितीय छत्तीसगढ़ मूलभूत तथ्य और ग्रामीण विकास जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के लिए.	
50.	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा (बिना पुस्तकों के) वन क्षेत्रपालों के लिए.	
65.	पंचायत राज प्रशासन (विधि तथा प्रक्रिया) सहायक कलेक्टरों, डिप्टी कलेक्टरों, तहसीलदारों, अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, जिला कार्यालय के अधीक्षक ग्रामीण विकास विभाग के विकास खण्ड अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक, क्षेत्र संयोजक, विकास खण्ड अधिकारी के लिए, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत के लिए.	
51.	सिविल पशु चिकित्सा सेवा विभाग के अधिकारियों का लेखा प्रश्नपत्र भाग-2 पशु चिकित्सा सेवा विभाग के अधिकारियों के लिए (पुस्तकों सहित).	दोपहर 2.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक
52.	प्रश्नपत्र लेखा भाग-2 मत्स्यपालन विभाग के अधिकारियों के लिए.	
53.	सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिए किसी मामले में आदेश या प्रतिवेदन लिखने की ''व्यवहारिक परीक्षा'' (पुस्तकों सहित).	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक
54.	तृतीय प्रश्नपत्र-प्रक्रिया तथा लेखा (पुस्तकों सहित) सहायक वन संरक्षकों के लिए.	
55.	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा (बिना पुस्तकों के) कृषि, वन कार्यपालन प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी के अधिकारियों के लिए.	
56.	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) डेयरी विकास विभाग के अधिकारियों के लिए.	
57.	प्रश्नपत्र तृतीय-अ. जा. तथा आदिवासी विकास, जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के लिए.	

शनिवार, दिनांक 2 फरवरी, 2002

(1)	(2)	(3)
58.	हिन्दी निबंध तथा हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद सभी विभागों के अधिकारियों के लिये.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक

नोट :—

1. सहायक कलेक्टरों, डिप्टी कलेक्टरों, राज्य के अधीनस्थ सिविल सेवाओं के सदस्य भू-अभिलेख कर्मचारियों तथा कलेक्टरों और राजस्व आयुक्तों के कार्यालय के अधीक्षकों को सूचित किया जावे कि परीक्षा गृह विभाग द्वारा नये संशोधित नियमों के अंतर्गत प्रसारित अधिसूचना क्रमांक एफ 3-54/98/दो-ए 3 दिनांक 19-3-99 एवं एफ 3/102/90/दो- ए 3 दिनांक 8-5-91 के पाठ्यक्रम के अनुसार होगी. नये नियमों के अन्तर्गत पंचायत राज प्रशासन विधि एवं प्रक्रिया से संबंधित प्रश्न भी अनिवार्य रूप से रखा गया है.

2. उम्मीदवारों को सूचित किया जावे कि जिन प्रश्नपत्रों में पुस्तकों की सहायता ली जाना है, उन्हें विभागीय परीक्षा के लिए कलेक्टर कार्यालय से पुस्तकें नहीं दी जायेगी, उन्हें अपनी स्वयं की पुस्तकें लाना होगी.

3. सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को जो परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक हो अपने नाम उचित मार्ग द्वारा सीधे अपने विभागाध्यक्षों को भेजना चाहिए. यह भी स्पष्ट किया जावे कि परीक्षार्थी राजपत्रित/अराजपत्रित है, का उल्लेख किया जावे.

4. सामान्य प्रशासन विभाग (हरिजन आदिवासी सेल) के ज्ञापन क्रमांक 1/15/77-1/ह. आ. से दिनांक 15 फरवरी, 1978 के अनुसार विभागीय परीक्षाओं में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों को उत्तीर्ण होने के लिए 10 प्रतिशत अंकों तक छूट दी जाती है. अत: ये परीक्षार्थी तत्संबंध में अपना प्रमाणपत्र अपने विभागाध्यक्षों/जिलाध्यक्षों को प्रस्तुत करेंगे.

इन प्रमाणपत्रों को गृह (सामान्य) विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ को नहीं भेजे जावे. संबंधित विभागाध्यक्ष/जिलाध्यक्ष परीक्षा में भाग लेने वाले व्यक्तियों की सूची के साथ वे प्रमाणपत्र संबंधित परीक्षा केन्द्रों के आयुक्तों को दिनांक 28 दिसंबर 2001 तक भेजेंगे. जिन परीक्षार्थियों द्वारा प्रमाणपत्र विभागाध्यक्ष के माध्यम से आयुक्त को प्रस्तुत नहीं किये जावेंगे, उन्हें इस प्रकार की सुविधा प्राप्त नहीं होगी. ये प्रमाणपत्र आयुक्त कार्यालय में रखे जावेंगे.

5. परीक्षा केन्द्र आयुक्तों से निवेदन है कि परीक्षा में सम्मिलित जिन परीक्षार्थियों द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रमाणपत्र उन्हें प्राप्त होंगे उनका शासन को भेजे जाने वाली सूची में स्पष्ट रूप से उल्लेख करें.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
रेणु पिल्ले, संयुक्त सचिव.

वाणिज्य एवं उद्योग, ग्रामोद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 31 दिसम्बर 2001

विषय :—राज्य शासन की औद्योगिक नीति 2001-2006

क्रमांक 1167/सं.स./वा.उ.सा.उ./2001.—राज्य शासन एतद्द्वारा 1 नवंबर 2001 से छत्तीसगढ़ की निम्नानुसार औद्योगिक नीति घोषित करता है :—

1. प्रस्तावना :

प्रचलित अवधारणाओं के विरुद्ध छत्तीसगढ़, भारत के बड़े राज्यों में से एक है. छत्तीसगढ़ राज्य भौगोलिक रूप से तमिलनाडु, बिहार एवं पंजाब से बड़ा है.

छत्तीसगढ़ वन क्षेत्र, खनिज संपदा से भरपूर है. यहां औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं.

छत्तीसगढ़ के लिए 21वीं सदी आर्थिक उन्नयन का समय है. विगत अनुभवों से यह सिद्ध हो चुका है कि औद्योगिक विकास में अनुदान की भूमिका गौण है जबकि बेहतर औद्योगिक विकास के लिए बेहतर शासन एवं उत्कृष्ट अधोसंरचना अधिक जरूरी है. इससे औद्योगिक विकास की संभावनाएं बेहतर होगी. छत्तीसगढ़ शासन का यह प्रयास होगा कि उद्योगों को छोटी-मोटी सुविधाओं की जगह उन्हें बेहतर से बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध करायेगी साथ ही व्यापक एवं जटिल प्रक्रियाओं को सरल बनाया जाएगा.

शासन उद्योगों के लिए एक नियंत्रक की भूमिका न करते हुए एक "व्यवसायिक क्षमता उत्प्रेरक" की भांति काम करेगा.

आर्थिक व सामाजिक उत्थान को गति देने के उद्देश्य से शासन ने "विजन-2010" की एक मार्गदर्शिका तैयार की है, जिसमें प्रदेश की दीर्घकालिक विकास की प्राथमिकताओं का समावेश किया गया है. छत्तीसगढ़ विजन 2010 औद्योगिक भागदारी एवं सकल राजकीय घरेलू उत्पाद (Gross State Domestic Product-G.S.D.P.) के आधार पर तैयार किया गया है. वर्तमान में G.S.D.P. लगभग 5500 करोड़ रु. है, जिसके अगले दशक तक दुगना हो जाने की संभावना है. औद्योगिक विकास की यह दर वास्तविक है एवं छत्तीसगढ़ में उपलब्ध अपेक्षाकृत अधिक लाभदायी निम्न बिन्दुओं पर आधारित है :—

* प्राकृतिक संसाधन – असीमित खनिज संपदा
* उपलब्ध अधोसंरचना – आधिक्य ऊर्जा एवं अधोसंरचना विकास की अपार संभावनाएं
* उपयुक्त भौगोलिक स्थिति – छत्तीसगढ़ भारत के पूर्वी, पश्चिमी एवं दक्षिणी छोर पर स्थित बाजार से समान दूरी पर है.
* उत्पादन का आर्थिक पहलू – सस्ती दरों पर भूमि, शांत औद्योगिक माहौल

राज्य के औद्योगिक विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विजन 2010 में दर्शित मुख्य बातें :—

* मुख्य उद्योग क्षेत्र एवं उन पर आधारित आश्रित उद्योगों के क्षेत्र में बड़ी संख्या में पूंजी निवेशकों को आकर्षित करना.
* कम लागत के 'पिट-हेड' थर्मल पॉवर प्लांट (Low cost Pit Head Thermal Power Plant) की स्थापना को प्रोत्साहित कर भारत में ऊर्जा स्रोत का केन्द्र बिन्दु बनना.
* लाभदायी भौगोलिक स्थिति.

छत्तीसगढ़ शासन का यह निर्णय है कि नीति में स्थायित्व ही मार्गदर्शी सिद्धांत होगा. शासन निजी क्षेत्रों में हस्तक्षेप नहीं करेगा, केवल उत्तम प्रशासन एवं सहयोगी की भूमिका निभायेगा जहां भी एवं जहां तक संभव हो सके निजी क्षेत्रों को बढ़ावा दिया जाएगा. पूर्ववर्ती छत्तीसगढ़ शासन ने छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के पूर्व जो भी वायदे किए हैं, वो उन्हें पूर्ण करेगा एवं नवंबर 2000 के पूर्व संपादित सभी आनुबंधिक दायित्वों को सम्मान देगा.

इन तथ्यों को ध्यान में रखकर छत्तीसगढ़ राज्य की औद्योगिक नीति दीर्घ चर्चा के उपरांत सभी विभागों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर तैयार की गई है.

खण्ड 2.0, छत्तीसगढ़ राज्य में औद्योगिक विकास निम्नांकित चार प्रमुख बिंदुओं पर समावेश है :—

* समूह आधारित उद्योगों का विकास (Cluster based Industrial Development.)
* बेहतर प्रशासन एवं उत्कृष्ट अधोसंरचना (Good governance & excellent infrastructure.)
* लघु उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का विकास (Improving the competitiveness of small scale industries.)
* निर्देशित सुविधाएं (Directed incentives.)

उपरोक्त सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई है.

खण्ड 3.1 में पांच महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई है जो निम्नानुसार है :—

1. कृषि एवं वनों पर आधारित उद्योग
2. खनिज पर आधारित उद्योग
3. पारंपरिक उद्योग
4. उदीयमान उद्योग
5. अधोसंरचना विकास को उद्योग का दर्जा देना.

बेहतर प्रशासन एवं उत्कृष्ट अधोसंरचना की जानकारी खण्ड 3.2 में दी गई है. लघु उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता (Improving competitiveness) के विकास की समीक्षा खण्ड 3.3 में की गई है.

खण्ड 3.4 में निर्देशित सुविधाओं (Directed incentives) की जानकारी दी गई है. ऐसी सुविधाएं केवल थ्रस्ट क्षेत्र एवं वृहत उद्योगों को दी जाएंगी.

औद्योगिक नीति के क्रियान्वयन एवं सतत् निरीक्षण का उल्लेख खण्ड 4.0 में है.

2. विकास योजनाएं :

छत्तीसगढ़ इस औद्योगिक नीति में चार मूल योजनाओं को चिन्हित करता है :—

* समूह आधारित औद्योगिक विकास
* बेहतर शासन एवं उत्कृष्ट अधोसंरचना
* लघु उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में सुधार
* निर्दिष्ट प्रोत्साहन

योजना 1 : समूह आधारित औद्योगिक विकास :

छत्तीसगढ़ के तुलनात्मक दृष्टि से लाभदायक भौगोलिक स्थिति के आधार पर उन पांच क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, जिस पर हमारा अधिकतम ध्यान होगा. शासन उद्यमियों द्वारा अन्य क्षेत्रों में भी पूंजी निवेश का स्वागत करेगा किंतु इन थ्रस्ट क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कम लागत में उत्पादन करने हेतु, अपने प्रयासों का केंद्रित करेगा.

योजना 2 : बेहतर शासन एवं उत्कृष्ट अधोसंरचना :

तीव्र औद्योगिक विकास हेतु सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र में साझेदारी बनाने एवं प्रेरक व्यावसायिक वातावरण,बनाने में शासन प्रमुख भूमिका अदा करेगा. शासन इस संबंध में निम्नलिखित कार्य करेगा :—

* वृहद स्थिर आर्थिक नीतियों को बनाना एवं लागू करना
* नियमों एवं विनियमों को लागू करने में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व निर्धारण सुनिश्चित करना
* मौलिक एवं विशेषीकृत भौतिक अधोसंरचना विशेषत: औद्योगिक पार्क में बजट के माध्यम से आवंटन में वृद्धि, ऋण लेना एवं सार्वजनिक-निजी क्षेत्र साझेदारी.
* मानव संसाधन विकास

योजना 3 : लघु उद्योगों की प्रतियोगी क्षमता में सुधार :

लघु उद्योगों में रोजगार के अवसर उत्पन्न करने की अपार क्षमता होती है और ये राज्य के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं. राज्य में लघु उद्योगों का विकास क्रियाशील नीति के माध्यम से किया जाएगा ताकि बाजार आधारित अर्थव्यवस्था में उनकी प्रतियोगी क्षमता का विकास हो सके. इसके अंतर्गत उत्पाद एवं सेवा में गुणवत्ता सुधार, कौशल विकास एवं विपणन सुविधा हैं. औद्योगिक नीति का लक्ष्य इस क्षेत्र में दीर्घकालीन स्थायी विकास प्राप्त करना होगा न कि छोटी अवधि के लिए जीविका उपलब्ध कराने वाला विकास. इससे देशीय उद्यमिता कौशल में भी वृद्धि होगी.

योजना 4 : निर्दिष्ट प्रोत्साहन :

शासन छोटी-छोटी सुविधाएं प्रावधानित करने की अपेक्षा उत्कृष्ट अधोसंरचना स्थापना के प्रावधानों पर ध्यान केन्द्रित करेगा. राज्य शासन थ्रस्ट क्षेत्र को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें त्वरित राजकोषीय सुविधा उपलब्ध कराने की आवश्यकता का अनुभव करता है ताकि इन थ्रस्ट क्षेत्रों में नये उद्योग आ सकें. इसी तरह छत्तीसगढ़ शासन निर्देशित सुविधाओं की प्रक्रिया का अनुसरण करेगा, जिससे पूंजी निवेश एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी, देशीय उद्यमिता की प्रतियोगी क्षमता बढ़ेगी एवं भौतिक एवं सामाजिक अधोसंरचना के विकास में योगदान करेगी.

इन व्यूह रचनाओं पर आधारित विशेषीकृत कार्य विधियों एवं नीतिगत उपायों की चर्चा अनुवर्ती अध्यायों में की गई है.

3.1 समूह आधारित औद्योगिक विकास :

समूह आधारित औद्योगिक विकास हेतु राज्य शासन ने निम्नानुसार थ्रस्ट सेक्टर की पहचान की है—

कृषि, वन एवं खाद्य पर आधारित उद्योग—

* कृषि आधारित इकाइयां
* पशुधन, पशुधन आधारित उत्पाद
* फूलों की खेती (Floriculture)
* मत्स्य पालन

* वनोपज आधारित प्रसंस्करण इकाइयां
* औषधिय/जड़ी बूटी आधारित प्रसंस्करण इकाइयां

खनिज पर आधारित उद्योग :—

* लौह एवं इस्पात तथा इन पर आधारित उद्योग
* सीमेंट व सीमेंट पर आधारित उद्योग
* एल्यूमिनियम व एल्यूमिनियम पर आधारित उद्योग
* कोयले पर आधारित एवं अन्य रसायन उद्योग
* कीमती पत्थर एवं आभूषण
* ग्रेनाइट

परम्परागत उद्योग :—

* हाथकरघा एवं हस्तशिल्प उद्योग

उदीयमान उद्योग :—

* सूचना एवं प्रौद्योगिकी (Information Technology)
* जैव प्रौद्योगिकी (Bio Technology)

अधोसंरचनात्मक उद्योग :—

* ऊर्जा उत्पादन, पारेषण एवं वितरण
* सड़कें व परिवहन
* शहरी अधोसंरचना जिसमें नवीन रायपुर का विकास सम्मिलित है
* जलप्रदाय

राज्य शासन योजनाबद्ध ढंग से निम्न क्षेत्रों में आर्थिक समूहों को प्रोत्साहित करेगा—

* पर्यटन (Tourism)
* फिल्म सिटी तथा स्थानीय सिनेमा को प्रोत्साहित करने के लिए मनोरंजन के क्षेत्र में बहुआयामी काम्पलेक्स का विकास

संबंधित औद्योगिक संगठनों की सहायता से इन समूहों की आर्थिक संभाव्यता का अध्ययन किया जावेगा एवं इनके अध्ययन के उपरांत राज्य शासन ऐसे औद्योगिक समूहों को विशेष सुविधाएं प्रदान करेगा.

शासन की भूमिका :

शासन के पांच प्रभावपूर्ण सेक्टर में समूह पर आधारित उद्योगों की योजनाबद्ध सुविधाएं निम्नानुसार हैं :—

* **संयोजना**—शासन के विभिन्न स्तरों में, समूहों एवं इकाइयों के बीच संयोजन एवं सामंजस्य स्थापित करना, शासन का उद्देश्य फर्म एवं उनके बीच सहयोग एवं तकनीकी व्यापारिक संस्थानों की योजना एवं गतिविधियों में सामंजस्य स्थापित करना है.

* **मानव संसाधन एवं विकास**—शासन प्रत्येक क्षेत्र में मानव संसाधन की आवश्यकतानुसार योग्यता का विकास करेगा तद्नुसार अनुकूल तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुवात करेगा.

* **निवेश**—शासन बाह्य निवेश की ओर आकर्षित करने के लिए निजी क्षेत्रों के साथ साझेदारी और संबंधित औद्योगिक संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य करेगा.

कृषि एवं वन आधारित उद्योग :

राज्य अपनी प्राथमिकताओं के प्रति सजग है. सकल घरेलू उत्पादों का बड़ा भाग इन प्राथमिकताओं के अंतर्गत आता है. राज्य के कुल रोजगार का 80 प्रतिशत भाग इसी प्राथमिक क्षेत्र में है. इस सेक्टर में, कृषि उत्पादन से आरंभ कर अंतिम उत्पाद तक उनकी प्रोसेसिंग प्रक्रिया को बढ़ावा देने की आवश्यकता है. इसके अंतर्गत—

ऐसी इकाइयां जो फलों, सब्जियों, जड़ी बूटियों एवं चिकित्सीय पौधों की प्रोसेसिंग करती हैं.

पशुधन प्रसंस्करण एवं मत्स्य पालन पर आधारित उद्योग. ऐसे विशेष औद्योगिक केन्द्रों का विकास करना हो, जिनमें फलों, सब्जियों, फ़सलों का अनुरक्षण, शीतगृहों का निर्माण, हवाई मार्ग द्वारा इनके शीघ्रतम निर्यात की व्यवस्था करने वाली इकाइयां शामिल हैं.

पड़ती भूमि एवं बिगड़े भू-खण्डों को वृक्षारोपण करने के उद्देश्य से दीर्घकालीन पट्टे पर मुहैया कराना ताकि वनों पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिल सके. एकीकृत कृषि आधारित उद्योग समूहों के विकास हेतु शासन ऐसी रिक्त भूमि में से 500 हेक्टेयर भू-खण्ड (अपवाद स्वरूप प्रकरणों में 1000 हेक्टेयर तक भू-खण्ड) का आवंटन करेगी. यह आवंटन उन कृषि आधारित, इकाइयों को होगा जो तकनीकी एवं वित्तीय दृष्टिकोण से लाभदायक परियोजनाओं पर आधारित होंगी.

वाणिज्य कृषि एवं एकीकृत प्रसंस्करण इकाइयों हेतु एवं मूल्य संबंधित इकाइयों हेतु लैंड-सीलिंग-एक्ट पर पुनर्विचार किया जाएगा.

शासन कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्रों का निर्माण करेगा. इस कार्य में शासन सी.आई.एफ.टी.आई. (कंनफेडेरेशन ऑफ इंडियन फूड ट्रेड एण्ड इण्डस्ट्री), सी. एफ. टी. आर. आई. (सेन्ट्रल फूड टेक्नालॉजी रिसर्च सेन्टर, मैसूर) आदि संस्थानों के साथ भागीदारी करेगी.

ग्रेडिंग, पैकिंग, डिस्ट्रीब्यूशन (वितरण) एवं कोल्ड स्टोरेज जैसी मूल्य संवर्धित इकाइयों के वित्त पोषण के लिए शासन वित्तीय संस्थाओं के साथ समन्वयक के रूप में कार्य करेगा.

खनिज पर आधारित उद्योग :

छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों के मामले में देश का अग्रणी राज्य है. यहां कोयला, लोहा (लौह अयस्क), बाक्साइट, सोना, हीरा आदि प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है. इस क्षेत्र में खनिज पर आधारित उद्योगों के विकास की प्रचुर संभावनाएं हैं. इनके विकास से इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे.

शासन इस क्षेत्र में निम्नानुसार महत्वपूर्ण कदम उठायेगा :—

- उत्खनन के नवीन तरीके जैसे रिमोट सेंसिंग एवं ऐरो मैग्नेटिक सर्वे जैसे तरीके अपनाएगी. इन आधुनिक तकनीकों से राज्य में स्थित खनिजों की खोज करेगी.

- शासन छत्तीसगढ़ के सभी जिलों का सर्वे करेगा एवं "स्पेशल माइनिंग जोन" की खोज करेगा ताकि सुलभ तरीके से उत्खनन किया जा सके. यह भी सुनिश्चित करेगा कि इससे पर्यावरण को कोई नुकसान न हो. एक नोडल एजेंसी बनाई जाएगी जो समयबद्ध कार्यक्रम बनाकर सभी प्रकार के क्लीयरेंस प्राप्त करेगी, जिससे इस स्पेशल माइनिंग जोन में उत्खनन प्रारंभ किया जा सके.

- अन्य राज्य अथवा अन्य देशों की मदद से खनिज क्षेत्रों का अन्वेषण किया जाएगा.

- शासन खनिज पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देगा. साथ ही निम्न स्तर के खनिज अयस्कों को लाभदायक अयस्क में परिवर्तित करने वाली इकाइयों को बढ़ावा देगा.

- लौह एवं इस्पात, सीमेंट, एल्यूमिनियम, कोयले पर आधारित रसायन एवं ग्रेनाइट पर विशेष ध्यान दिया जाएगा.

- रत्न एवं रत्न परिष्कार पार्क/केन्द्रों की स्थापना

परंपरागत उद्योग :

हस्तशिल्प एवं हाथकरघा पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा. उत्पाद की गुणवत्ता एवं विपणन व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु कार्यरत डिजाइन सेन्टर एवं निर्यात संवर्धन परिषद् के माध्यम से प्रयास किये जायेंगे.

उदीयमान उद्योग :

(क) सूचना प्रौद्योगिकी :

संस्थागत ढांचा—

राज्य ने सूचना प्रौद्योगिकी को उच्च प्राथमिकता दी है, छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य मंत्री की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स) नामक एक नोडल तकनीकी संस्था बनाई गई है.

अधोसंरचना :—

प्रथम चरण में साफ्टवेयर तकनीकी पार्क राज्य की ज्ञान-राजधानी भिलाई में स्थापित किया जाएगा, जहां भारत सरकार के उपक्रम साफ्टवेयर टेक्नालॉजी ऑफ इंडिया द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गेट-वे लगाया जा रहा है. भिलाई में साफ्टवेयर व्यापार विकास एवं निर्यात की संभावनाएं हैं. रायपुर से भिलाई मात्र 25 कि.मी. की दूरी पर स्थित है. हजारों प्रशिक्षित मानव संसाधन भी यहां उपलब्ध हैं.

ई-गवर्नेन्स :—

शासन ई-गवर्नेन्स-शासन से नागरिक को (जी 2 सी) इंटरफेस साथ ही शासकीय प्रणालियों में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग में निजी निवेश को प्रोत्साहन दिया जाएगा.

मानव संसाधन विकास :—

प्रायमरी एवं उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मानव संसाधन विकास को बढ़ावा दिये जाने के साथ-साथ, मानव संसाधन विकास और शिक्षा के क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा एवं कालेजों में निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में इस प्रौद्योगिकी का उपयोग करने हेतु सार्थक प्रयास किये जाएंगे.

सूचना प्रौद्योगिकी उद्योगों को सुविधाएं :

* साफ्टवेयर इकाइयों को प्रदूषण निवारण नियमों से पूर्ण छूट.

* सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग हेतु स्वत्व अर्जन में स्टाम्प शुल्क के भुगतान से छूट.

* औद्योगिक विकास केन्द्रों में आवंटित भूमि प्रब्याजि पर 25% की छूट.

* निर्धारित औद्योगिक क्षेत्रों के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में स्थापित सूचना प्रौद्योगिकी हार्डवेयर इकाइयों को उनके अधोसंरचना विकास जैसे भूमि, विद्युत, जल, पहुंच मार्ग, कर्मचारी आवास आदि के विकास पर होने वाली खर्च राशि में शासन द्वारा आंशिक सहयोग प्रदान किया जाएगा. यह सहायता अधोसंरचना लागत का 25% एवं अधिकतम 1 करोड़ तक सीमित होगी. ब्याज अनुदान के रूप में पांच वर्ष के लिए 5 प्रतिशत वार्षिकी की दर से अधिकतम पांच लाख रुपये तक इन उद्योगों को सहायता दी जावेगी.

* समस्त नये स्थापित होने वाले सचूना प्रौद्योगिकी इकाइयों को उनके व्यवसायिक उत्पादन आरंभ करने के दिनांक से 10 वर्ष तक विद्युत कर (Electricity Duty) के भुगतान से छूट होगी.

* 150 के.वी.ए. तक के केप्टिव जनरेटिंग यूनिट वाली सूचना प्रौद्योगिकी इकाइयों को विद्युत कर (Electricity Duty) से बिना समय सीमा के छूट.

* शासन द्वारा आगामी पांच वर्षों में तीस करोड़ रुपये का एक प्रौद्योगिकी प्रोन्नति कोष बनाया जाएगा. इस फंड से लघु एवं मध्यम (सूचना प्रौद्योगिकी इकाइयों सहित) इकाइयों को ब्याज अनुदान के रूप में उनके द्वारा तकनीकी प्रोन्नति हेतु बैंक/वित्तीय संस्थाओं से लिये गये ऋण के विरुद्ध वित्तीय सहायता प्राप्त होगी.

* अधिसूचित पिछड़े क्षेत्रों में (अनुसूचित क्षेत्रों सहित) स्थापित होने वाले ऐसे उद्योगों को उनकी परियोजना लागत का दस प्रतिशत आधारभूत सहायता के रूप में दिया जाएगा.

* आई.एस.ओ. 9000 श्रेणी प्रमाणीकरण हेतु किये गये फीस पर व्यय की 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति.

* मूल्य/गुणवत्ता के मापदंड को सुनिश्चित करने वाली राज्य में स्थापित सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित इकाइयों को शासकीय क्रय में प्राथमिकता.

* सूचना प्रौद्योगिकी इकाइयों को वो सभी सुविधाएं प्राप्त होंगी जो राज्य में स्थित लघु उद्योगों को प्राप्त होती हैं.

(ख) जैव प्रौद्योगिकी :

उदीयमान जैव प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल राज्य के वृहद प्राथमिक क्षेत्र को दृष्टिगत रखते हुए कृषि उत्पादन एवं कृषि आधारित प्रसंस्करण उद्योगों के विकास में किया जाएगा. विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थाओं, अशासकीय संस्थाओं की सहायता से राज्य शासन जैव प्रौद्योगिकी स्रोतों को सूचीबद्ध करेगी. इस क्षेत्र में विशेष सहायता प्रदान की जाएगी. राज्य शासनं अपनी क्षमता का उपयोग जैव प्रौद्योगिकी के वाणिज्यिक तथा नवीन उत्पादों के विकास में करेगा.

राज्य सरकार चयनित क्षेत्रों में जैव प्रौद्योगिकी उद्योग को उत्तम गुणवत्ता की अधोसंरचना उचित मूल्य पर उपलब्ध कराएगी. अंतर्राष्ट्रीय विकास संस्थाओं तथा भारत शासन के सहयोग से जैव प्रौद्योगिकी की कंपनियों को आकृष्ट करने का राज्य शासन का ध्येय रहेगा.

अधोसंरचनात्मक इकाइयों को उद्योग का दर्जा :

नवगठित राज्य अंधोसंरचनात्मक विकास के अधिकाधिक अवसर प्रदान करेगा एवं इन इकाइयों को उद्योग का दर्जा देगा.

ऊर्जा :

छत्तीसगढ़ राज्य कोयले के उत्पादन में देश का प्रमुख राज्य है. राज्य में सर्वाधिक सस्ता पिट-हेड ऊर्जा का उत्पादन होता है. भविष्य में छत्तीसगढ़ ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य होगा. राज्य शासन यह महसूस करता है कि उद्योगों को गुणवत्ता वाली निरंतर ऊर्जा उचित दर पर उपलब्ध कराना आवश्यक है यह औद्योगीकरण की ओर एक कदम होगा. राज्य शासन उद्योगों को वाजिब दर पर सुनिश्चित बिजली उपलब्ध करायेगा ताकि उद्योग प्रतिस्पर्धात्मक दृष्टि से इस राज्य में आकर्षित हो सकें एवं टिक सकें. बंद पड़े उद्योगों को पुनर्जीवित करने के लिए एक अलग पैकेज बनाया जाएगा.

सामान्यत: कैप्टिव पावर प्लांट की आवश्यकता उस परिस्थिति में होती है, जब बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित न हो. वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य बिजली के मामले में सरप्लस है, किंतु भविष्य में मांग में संभावित वृद्धि को देखते हुए तथा अन्य राज्यों की मांगों की पूर्ति के उद्देश्य से कैप्टिव पावर प्लांट की स्थापना के संबंध में शासन के नीति निर्देश निम्नानुसार हैं :—

(I) छत्तीसगढ़ को ऊर्जा राज्य बनाए जाने की राज्य शासन की मंशा के परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन कैप्टिव प्लांट के माध्यम से उत्पादन को प्रोत्साहित करेगा तथा कैप्टिव प्लांट से उत्पादन की अनुमति देने पर उदारतापूर्वक विचार करेगा.

(II) कैप्टिव पावर प्लांट धारक उपभोक्ता को अपनी ही किसी अन्य इकाई (सिस्टर कन्सर्न) को विद्युत विक्रय की अनुमति दी जाएगी, किन्तु राज्य में स्थित थर्ड पार्टी को विक्रय की अनुमति नहीं दी जाएगी.

(III) कैप्टिव पावर प्लांट धारक द्वारा बिजली का विक्रय अन्य राज्यों को करने की दशा में राज्य विद्युत मंडल तथा राज्य शासन हर संभव सहायता करेगा. यह विक्रय छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के माध्यम से होगा किंतु क्रेता राज्य/संस्था ढूंढने का उत्तरदायित्व कैप्टिव पावर प्लांट धारक का ही होगा. कैप्टिव पावर प्लांट उपभोक्ता से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल द्वारा विद्युत क्रय की दर यथासंभव आपसी सहमति से निर्धारित की जाएगी.

(IV) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल कैप्टिव पावर प्लांट से बिजली का क्रय तभी करेगा जब उसे आवश्यकता होगी. क्रय की दर का निर्धारण अन्य स्रोतों से उपलब्ध होने वाली बिजली की दरों को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा.

सड़कें तथा परिवहन एवं भण्डारण :

छत्तीसगढ़ शासन ने करीब 3000 कि.मी. लम्बाई तक दो उत्तर-दक्षिण एवं चार पूर्व-पश्चिम रोड कारीडोर के निर्माण करने का निर्णय लिया है. शासन के इस कदम से संबंधित क्षेत्रों में वृहत पूंजी निवेशकों को आकर्षित किया जा सकेगा. रोड कारीडोर के निर्माण को लाभदायक बनाने के लिए निजी भागीदारी की जाएगी. बस एवं ट्रकों का यातायात पूर्णत: निजी निवेशकों पर निर्भर रहेगा. भंडारण राज्य के वाणिज्य तथा उद्योगों के विकास में प्रमुख भूमिका निभाएगा. इसका समय से विस्तार, उद्योगों के विकास में सहायक होगा.

नगरीय अधोसंरचना-नवीन रायपुर नगर के विकास सहित :

छत्तीसगढ़ की राजधानी नवीन रूप में विकसित की जाएगी जिसका नाम होगा "न्यू-रायपुर" जो शासन की सबसे बड़ी अधोसंरचना विकास परियोजना होगी. इसके अलावा छ: नगर निगमों एवं बीस नगरपालिकाओं को उन्नत अधोसंरचना की आवश्यकता होगी जो निजी निवेशकों की मदद से पूर्ण की जाएगी.

3.2 बेहतर प्रशासन एवं उत्कृष्ट अधोसंरचना :

बेहतर प्रशासन :

छत्तीसगढ़ शासन मैत्रीपूर्ण व्यावसायिक वातावरण निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है एवं वह ऐसे नियमों तथा प्रक्रियाओं में कमी लाएगा जो व्यक्ति की कार्यक्षमता को कम करती है एवं राज्य शासन के साथ कारोबारी लागत में वृद्धि करती है.

राज्य शासन स्वप्रमाणीकरण (Self Certification), अतिशय अभिलेखीकरण तथा अभिस्वीकृतियों को समाप्त करने (elimination of redundant documentation) एवं समयबद्ध प्रतिबद्धताओं (time based commitments) को लागू करने पर जोर देगी. इस तरह वर्तमान में केन्द्रीय एवं राज्यीय नियमों की समीक्षा करके उन्हें राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने वाली मार्गदर्शी सिद्धांतों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा. केन्द्रीय नियमों में अनुशंसित परिवर्तनों को केन्द्रीय शासन की अभिस्वीकृति हेतु भेजा जाएगा. समीक्षा एवं विचार करने की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है.

इन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु शासन द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गये हैं :—

प्रशासनिक सुधार :

* विशिष्ट अध्यादेश के अंतर्गत राज्य निवेश प्रोत्साहन मंडल(राविप्रोम) जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री महोदय होंगे 200 मिलियन (20 करोड़) रु. एवं अधिक लागत के निवेश प्रस्तावों के लिए एकमात्र केन्द्र बनाया जाएगा. राविप्रोम विभिन्न चरणों में यथा निवेश पूर्व, निवेश के समय तथा निवेश के उपरांत भी यथोचित सहयोग प्रदान करेगी. राविप्रोम निवेशकों की ओर से सभी वांछित क्लियरेंस निर्धारित समयावधि के अंतर्गत प्राप्त करेगी. राविप्रोम को क्षेत्रीय निवेश प्रोत्साहन समिति जिसके अध्यक्ष यथोचित वरिष्ठ अधिकारी होंगे सहयोग प्रदान करेगी. इन क्षेत्रीय समितियों को अधिकांश शासकीय निर्णयों को अतिक्रमित करने का अधिकार होगा. 200 मिलियन (20 करोड़) रु. से कम की लागत के प्रस्तावों के लिए यह एकमात्र संपर्क केन्द्र होगा.

* आवेदन-पत्रों की बहुलता को कम करने हेतु एक समेकित आवेदनपत्र (Combined Application Form) बनाया जाएगा जो एकल बिंदु स्वीकृतियां प्रदान करेगा.

* शासन स्वप्रमाणीकरण के लिए एक विस्तृत विधि आरंभ करेगी जिससे उद्योगों को छूट एवं सहायता प्राप्त होगी. यह प्रमाणीकरण एक वैधानिक अंकेक्षक (Statutory Auditor) द्वारा किया जाएगा. स्वप्रमाणीकरण में किसी भी दोष के लिए कठोर दंडात्मक व्यवस्था का प्रावधान किया जाएगा.

* शासन द्वारा गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों की सूची को अद्यतन (Update) एवं संशोधित (Revised) किया जाएगा.

* रिजनल इन्वेस्टमेंट प्रमोशन कमेटी, प्रदूषण नियंत्रण मंडल से अनापत्ति प्राप्ति हेतु आवेदन-पत्रों की प्राप्ति एवं निराकरण हेतु जिम्मेदार होगी.

* प्रदूषण नियंत्रण के लिए स्वयं नियंत्रण यांत्रिकी प्रोत्साहित की जाएगी तथा स्वैच्छित अनुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए बाजार आधारित उपकरणों की व्यवस्था आरंभ की जाएगी.

* अभिलेखों को सुरक्षित किया जाएगा. उद्योगों द्वारा विभिन्न नियमों/अधिनियमों के अंतर्गत सावधिक रिटर्नस् (Periodic Returns) दाखिल किए जायेंगे. वर्तमान में जारी निरीक्षण की व्यवस्था का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा.

श्रम सन्नियम (Labour Laws)—

छत्तीसगढ़ देश में संभवत: सर्वाधिक शांतिप्रिय क्षेत्र है जहां निम्नतम कार्यदिवस औद्योगिक विवाद में नष्ट हुआ है, इसके अतिरिक्त औद्योगिक विवादों को सुलझाने में लगने वाला समय राष्ट्रीय औसत समय की तुलना में काफी कम है, भविष्य में भी इस परंपरा को जीवंत रखा जाएगा.

* आर्थिक उदारीकरण के संदर्भ में सभी वर्तमान श्रम नीतियों पर समान रूप से पुनर्विचार करने का सरकार उत्तरदायित्व ले रही है. इस उत्तरदायित्व का निर्वाह उद्योगों एवं श्रमिक प्रतिनिधियों के सहयोग से किया जाएगा. औद्योगिक विवाद अधिनियम के प्रावधानों को सरल एवं कारगर बनाने के लिए कुछ भारतीय राज्यों द्वारा की गई पहल को पुनर्विचार में मूल्यांकित किया जाएगा, विशेषकर अध्याय 'वी-3' एवं अनुच्छेद '9-ए' तथा '25-एम' के संदर्भ में.

* 50 से कम श्रमिकों वाले लघु उद्योगों, को इन श्रम कानूनों से छूट प्रदान करने संबंधी प्रावधानों को राज्य शासन तत्परतापूर्वक, केन्द्र सरकार के स्वीकृति हेतु भेजेगी.

* सरकार उत्पादन आधारित वेतन को लागू करने के लिए उत्प्रेरित करेगी.

औद्योगिक भूमि आवंटन :

* भूमि आवंटन/परिवर्तन हेतु प्राप्त आवेदनों पर निर्णय 30 दिनों के भीतर लिया जाएगा. भूमि परिवर्तन संबंधी उपयुक्त राजस्व प्राधिकारी को प्रस्तुत आवेदन के 30 दिनों के पश्चात् यह मान लिया जाएगा कि तत्संबंधी परिवर्तन हो चुका है. क्षेत्रीय निवेश प्रोत्साहन समिति कथित परिवर्तन संबंधी यथोचित प्रमाणपत्र जारी करेगी तथा ग्राम पंचायत/संबंधित राजस्व प्राधिकारी द्वारा राजस्व अभिलेखों में तत्संबंधी प्रविष्टियां कर ली जाएंगी.

* क्षेत्रीय निवेश प्रोत्साहन समिति प्रत्येक जिला में भूमि बैंक की स्थापना करेगी एवं 5 हेक्टेयर तक की शासकीय भूमि को औद्योगिक उद्देश्य से आवंटित करने हेतु प्राधिकृत होगी. 5 हेक्टेयर से अधिक की शासकीय भूमि का आवंटन राज्य निवेश प्रोत्साहन मंडल के अनुमोदन से किया जा सकेगा.

उत्कृष्ट अधोसंरचना :

छत्तीसगढ़ शासन औद्योगिक विकास हेतु उत्कृष्ट अधोसंरचना विकास के लिए प्रतिबद्ध है.

अधोसंरचना विकास की अति आवश्यकता को अनुभव करते हुए शासन द्वारा छत्तीसगढ़ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्लपमेंट कार्पोरेशन (Chhattisgarh Infrastructure Development Corporation) सी.आई.डी.सी. की स्थापना की गई है, जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री हैं. सी.आई.डी.सी. ने अधोसंरचना के क्षेत्र में राज्य की आवश्यकता को चिन्हित करते हुए विस्तृत अधोसंरचना विकास की कार्य योजना तैयार की है.

औद्योगिक क्षेत्रों का विकास :

* थ्रष्ट सेक्टर की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों का सुदृढ़ीकरण एवं स्तर उन्नयन किया जाएगा.

* शासन सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की भागीदारी से औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना को प्रोत्साहित करेगी. इस हेतु शासन भू-अधिग्रहण करके उद्योगों को भूमि उपलब्ध कराएगी.

* सार्वजनिक निजी क्षेत्र की भागीदारी में स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास की लागत का 20 प्रतिशत अधिकतम रु. दो करोड़ शासन द्वारा वहन किया जाएगा.

* शासन निजी क्षेत्र में निर्यात संवर्धन औद्योगिक पार्क, जेम एवं ज्वेलरी पार्क, सूचना प्रौद्योगिकी पार्क, विशेष आर्थिक प्रक्षेत्र एवं जैव प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना को प्रोत्साहित करेगी. शासन इसके लिए अंशपूंजी की सहायता करेगी या ऐसी परियोजनाओं के लिए कम दरों पर भूमि उपलब्ध कराएगी.

* शासन द्वारा स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों का संचालन एवं संधारण का कार्य व्यावसायिक प्रबंध संस्थाओं को सौंपा जाएगा. शासन ऐसे औद्योगिक क्षेत्रों से प्राप्त राजस्व का एक हिस्सा संचालन एवं संधारण के लिए रखेगी.

* समूह आधारित औद्योगिक विकास (Cluster based industrial development) को प्रोत्साहित करने की योजना के अंतर्गत सामूहिक सुविधा व्यवस्था जैसे गुणवत्ता सुधार, तकनीक उन्नयन, बाजार प्रोत्साहन एवं तकनीकी कुशलता उपलब्ध कराया जाएगा. ऐसे प्रति औद्योगिक समूह के लिए दो करोड़ रु. की आर्थिक सहायता दी जाएगी.

* निजी क्षेत्रों में स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों को स्वयं के उपयोग हेतु विद्युत उत्पादन संयंत्र लगाने की अनुमति दी जाएगी, जिसमें वे अपने औद्योगिक क्षेत्र के अंदर स्थित उद्योगों को सीधे विद्युत प्रदाय कर सकेंगे.

मानव संसाधन विकास :

* राज्य शासन एक व्यावसायिक प्रशिक्षण काउन्सिल (State Vocational Training Council) का गठन करेगी. यह काउन्सिल निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के समस्त प्रशिक्षण संस्थाओं में व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण गतिविधियों का समन्वय करेगी. इस काउन्सिल का अध्यक्ष एक स्थानीय प्रतिष्ठित उद्योगपति होगा.

* शासन राज्य में निजी क्षेत्र/व्यावसायिक घरानों को तकनीकी संस्थाओं की स्थापना हेतु प्रोत्साहन देगी. इसके लिए उन्हें कम दरों पर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं/पालिटेक्निक का प्रबंधन यथासंभव औद्योगिक संघों को सौंपा जा सकेगा.

